कार्यालयः– उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या– 01 / 03 / अति–5 / 2023–2024
प्रयागराजः– दिनांक 17 मई 2023

विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा–2023 जो दिनांक 14 मई 2023 को आयोजित की गयी थी ,से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य अध्ययन–I & II विषयों की चारों सीरीज (A,B,C&D) की प्रश्नपुस्तिकाओं की उत्तर–कुंजी आयोग की वेबसाइट– https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक **23 मई 2023** तक उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित "उत्तर कुंजी" को देख लें और यदि प्रश्नोत्तरों के संबंध में कोई विसंगति उन्हें प्रतीत होती है,तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति संगत साक्ष्य सहित (नीचे दिये गये प्रारूप पर अनिवार्यतः सामान्य अध्ययन–I & II विषयों हेतु अलग–अलग प्रत्यावेदन,जो एक साथ स्टेपल न हों) आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में, जो परीक्षा नियंत्रक,अतिगोपन–5 अनुभाग,उ0प्र0 लोक सेवा आयोग,प्रयागराज को सम्बोधित हो,डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर दिनांक **24 मई 2023** के सायं 5.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के प्राप्त / अपठनीय एवं असंगत साक्ष्य वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। **प्रत्यावेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 24 मई 2023 है।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

प्रारूप

1–अभ्यर्थी का नाम...
2–अनुक्रमांक..
3–परीक्षा का नाम..
4–विषय का नाम..
5–प्रश्नपुस्तिका सीरीज...

क0सं0	प्रश्न संख्या	आयोग का उत्तर	प्रत्यावेदक का उत्तर	साक्ष्य
1	2	3	4	5

अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर...

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक